

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-01 शुक्रवार, दिनांक- 25 फरवरी, 2022 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.52 बजे अप० तक ।**

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन** :- (यथा संलग्न)

[2] **महामहिम राज्यपाल का संदेश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश से सदन को अवगत कराया- ''भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को, दिनांक 25 फरवरी, 2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।

पटना ह०/- फागू चौहान

दिनांक-02.02.2022 राज्यपाल, बिहार ।''

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय सभा की अनुमति से महामहिम राज्यपाल का स्वागत करने एवं सेन्ट्रल हॉल में बुलाने के लिए सदन से बाहर गए । माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सभापति के साथ माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग भी महामहिम राज्यपाल की शोभायात्रा में शामिल होकर सेन्ट्रल हॉल में आये तथा उनके आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया ।

सभा सचिव द्वारा महामहिम राज्यपाल से दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करने का अनुरोध किया गया ।

तत्पश्चात् महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के पश्चात् पुनः राष्ट्रीय धुन बजाया गया । इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग महामहिम राज्यपाल महोदय को सेन्ट्रल हॉल से बाहर तक विदा करने गए । महामहिम राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः सभा वेश्म में आसन ग्रहण किया ।

**[3] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के पंचम सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री प्रेम कुमार
(ii) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(iii) श्री अवध बिहारी चौधरी
(iv) श्रीमती ज्योति देवी
(v) श्री मो० आफाक आलम

**[4] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के पंचम सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया :-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | सभापति |
| (ii) | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | सदस्य |
| (iii) | श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| (iv) | श्रीमती रेणु देवी, उप मुख्यमंत्री, | सदस्य |
| (v) | श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | सदस्य |
| (vi) | श्री श्रवण कुमार, मंत्री, ग्रामीण विकास | सदस्य |
| (vii) | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल | सदस्य |
| (viii) | श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० | सदस्य |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) श्री जीतन राम मांझी, स०वि०स०
(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(iii) श्री अख्तरूल ईमान, स०वि०स०
(iv) श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०
(v) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(vi) श्रीमती स्वर्णा सिंह, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

**[5] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2022 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्थ सत्र में उदभूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्न तीन विधेयकों का विवरण जिसपर महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमति प्रदान की गयी है को सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखा गया :-

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2021 | 12.12.2021 |
| 2. | बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2021 | 12.12.2021 |
| 3. | बिहार भूमि दाखिल खारिज (संशोधन) विधेयक, 2021 | 15.12.2021 |

[6] **आर्थिक सर्वेक्षण का उपस्थापन** :-

माननीय उप मुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वर्ष 2021-22 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[7] **शोक प्रकाश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

(i) स्व० डा० महेन्द्र प्रसाद, पूर्व सदस्य राज्य सभा एवं लोक सभा
(ii) स्व० डा० गौरी शंकर राज हंस, लोक सभा के पूर्व सदस्य
(iii) स्व० हरि नारायण सिंह, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
(iv) स्व० प्रो० नलिनी रंजन सिंह, पूर्व स०वि०स०
(v) स्व० शकुन्तला देवी, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व सदस्य लोक सभा
(vi) स्व० विजय शंकर मिश्र, पूर्व स०वि०प०
(vii) स्व० परवेज अहसन खाँ, पूर्व स०वि०स०
(viii) स्व० सुलतान अहमद, पूर्व स०वि०स०
(ix) स्व० शिव प्रसन्न यादव, पूर्व स०वि०प०
(x) स्व० पद्मा चौबे, पूर्व स०वि०स०
(xi) स्व० उमेश सिंह, पूर्व स०वि०स०
(xii) स्व० बिपिन रावत, प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ एवं पूर्व थलसेना अध्यक्ष
(xiii) स्व० लता मंगेशकर, पूर्व सदस्य, राज्य सभा एवं भारत रत्न प्राप्त विश्व प्रसिद्ध पार्श्व गायिका

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवारों के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-28 फरवरी, 2022 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-25.02.2022

**शैलेन्द्र सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।